उत्तर रेलवे

230–विद्युत लोको परिचालन/दिल्ली/तकनीकी–24/2023
दिनांकः– 19/06/2023

मण्डल कार्यालय
नई दिल्ली

## तकनीकी सर्कुलर–DLI/RSO-03/2023

विषय :– बी.पी. कण्टीन्यूटी टेस्ट करने की विधि।

1. लोको में बी.पी. प्रेशर 5.0 $kg/cm^2$ तथा ब्रेकवान में 4.8 $kg/cm^2$ बनने के बाद लोको पालयट व गार्ड उचित माध्यम से इस टेस्ट के बारे में बातचीत करेंगे।
2. लोको पायलट A-9 हैण्डिल को एपलीकेशन पर रखकर 1.0 $kg/cm^2$ बी.पी. प्रेशर गिरायेगा तथा गार्ड अपने ब्रेकवान गेज में 1.0 $kg/cm^2$ से 1.4 $kg/cm^2$ गिरना सुनिश्चित करेगा।
3. लोको पायलट A-9 हैण्डिल रिलीज पर रखकर बी.पी. प्रेशर का 5.0 $kg/cm^2$ बनना देखेगा तथा गार्ड 4.8 $kg/cm^2$ बनना देखेगा।
4. लोको पायलट कन्वेंशनल लोको में L&T कॉक को क्लोज पोजीशन पर, थ्री फेस लोको (E-70 ब्रेक सिस्टम) में कॉक–70 को क्लोज पोजीशन व थ्री फेस लोको (CCB2 ब्रेक सिस्टम) में मोड स्विच को टेस्ट पर करने के बाद गार्ड से बी.पी. प्रैशर गिराने को कहेगा।
5. गार्ड इमरजेंसी ब्रेक वॉल्व से 1.4 $kg/cm^2$ बी.पी. प्रेशर गिरायेगा तथा लोको पायलट कैब में 1.0 $kg/cm^2$ से 1.4 $kg/cm^2$ बी.पी. प्रेशर गिरना देखेगा।
6. गार्ड के द्वारा इमरजेंसी ब्रेक वॉल्व कॉक को बंद करने पर लोको पायलट लोको में क्लोज किये गये कॉक को खोलकर लोको में बी.पी. प्रेशर का 5.0 $kg/cm^2$ तथा गार्ड ब्रेकवान में 4.8 $kg/cm^2$ बनना सुनिश्चित करेगा।

नोटः– यदि बी.पी. कण्टीन्यूटी टेस्ट करने के दौरान किसी स्तर की कोई खराबी मिलती है, तो खराबी ठीक होने के पश्चात पुनः ब्रेक कन्टीन्यूटी टेस्ट करें।

अतः सभी मुख्य लोको निरीक्षक को निर्देश दिये जाते हैं कि अपने सभी नामित/गैरनामित स्टाफ को उपरोक्त संबंध में काउन्सल करें। सर्कुलर की रिपोर्ट दिनांक–20.07.2023 तक मण्डल कार्यालय में जमा करें।

(KS Rastogi) 19/6/23
वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/परिचालन
उत्तर रेलवे, नई दिल्ली

प्रतिलिपि :–

1- मुख्य विद्युत लोको अभियंता/उत्तर रेलवे, बड़ौदा हाऊस, नई दिल्ली– सूचनार्थ।
2- मण्डल विद्युत अभियंता/परि./नई दिल्ली– सूचनार्थ।
3- सहायक मण्डल विद्युत अभियंता/परि./नई दिल्ली– सूचनार्थ।
4- मुख्य कर्षण लोको नियंत्रक/मण्डल कार्यालय/नई दिल्ली/उत्तर रेलवे– सूचनार्थ।
5- समस्त मुख्य लोको निरीक्षक–गाजियाबाद, दिल्ली, नई दिल्ली, आनन्द विहार, पानीपत, जींद, जाखल, रोहतक, निजामुद्दीन, पलवल, मेरठ, शकुरबस्ती एवं तुगलकाबाद–आवश्यक कार्यवाही हेतू।
6- सभी लॉबी नोटिस बोर्ड–सूचनार्थ।
7- विद्युत प्रशिक्षण केन्द्र/गाजियाबाद/उ0रे0–आवश्यक कार्यवाही हेतू।
8- बेसिक प्रशिक्षण केन्द्र/तुगलकाबाद/उ0रे0–आवश्यक कार्यवाही हेतू।